# राष्ट्रीय सेवा योजना

# प्रथम इकाई

# ए. के. पी. डिग्री कालेज, खुर्जा

## सम्बद्ध चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

### विशेष शिविर की आख्या

### सत्र 2024- 2025

मनु आर्या

प्रो. डिम्पल विज
प्राचार्या
एकेपी डिग्री कालेज

डा. मनु आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा


# राष्ट्रीय सेवा योजना

# प्रथम एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 25/01/2025 को 15 वें मतदाता दिवस के अवसर पर एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सौ स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज , श्रीमती एकता चौहान, डॉ गीता सिंह तथा डॉ मनु आर्या व स्वयं सेविकाओं ने एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ किया । ईएलसी क्लब अधिकारी श्रीमती एकता चौहान ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम है।" डॉ गीता सिंह ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने छात्राओं को अपने वोट का सही प्रयोग कर सही सरकार चुनने में अपना योगदान करने के विषय में प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति के पास वोट देने का अधिकार है और हम सभी को समझदारी के साथ इसका प्रयोग करना चाहिए। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टरों के माध्यम से मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं ने बुलन्दशहर जनपद की सबसे बड़ी मतदाता जागरूकता रंगोली का निर्माण किया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जो कि डोरी मौहल्ला से भगत सिंह चौक होते हुए जेवर अड्डे पर पहुंची। "बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, लोकतंत्र हो तभी महान जब सब मिलकर करें मतदान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो" के नारों का उद्घोष करते हुए स्वयंसेविकाओं ने जन जन को मतदान के लिए जागरूक किया।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा




ष्ट्रीय मतदाता




राष्ट्रीय मतदाता दि
दिनांक: 25 जनवरी 2025
स्थान: आर्य कन्या डिग्री कॉलेज
तहसीलदार (खुर्जा)
उपजिलाधिकारी
KHURJ

मनु आर्या

# राष्ट्रीय सेवा योजना

# द्वितीय एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 25/02/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का द्वितीय एकदिवसीय शिविर प्राथमिक विद्यालय ग्राम निजामपुर में लगाया गया। एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज निजामपुर ग्राम का स्वयं सेविकाओं द्वारा सर्वे किया गया। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने ग्रुपों में विभक्त होकर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। गांव में साक्षरता की स्थिति, चिकित्सा व्यवस्था, उच्च शिक्षा में नामांकन, कृषि सेवा केन्द्र, पशु चिकित्सालय, पेयजल की व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, कुल जनसंख्या, कुल मतदाता, महिला व पुरुषों की साक्षरता का अनुपात आदि की जानकारी ग्रामवासियों से मिलकर प्राप्त की। स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एन एस एस के कार्यों से अवगत कराया। स्वयं सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्नत भारत अभियान की प्रभारी प्रो रेखा चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना उन्नत भारत के तहत गांवों के विकास के लिए इस गांव को गोद लिया गया है। अन्त में स्वयं सेविकाओं को लंच पैकेट वितरित किए गए। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हो गया।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा

# शिविर में स्वयं सेविकाओं ने किया गांव का सर्वे

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा : एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का द्वितीय एक दिवसीय शिविर गांव निजामपुर में हुआ। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने गांव का सर्वे [illegible] और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति [illegible] किया।

[illegible] गीत के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु शर्मा ने बताया कि निजामपुर गांव में स्वयं-सेविकाओं द्वारा सर्वे किया गया। [illegible] स्वयं-सेविकाओं [illegible] और ग्रामीणों की [illegible] के लिए भेजा गया। गांव में [illegible] की स्थिति, चिकित्सा [illegible] में नामांकन, कृषि [illegible] चिकित्सालय, पेयजल की [illegible], कुल जनसंख्या, [illegible] व पुरुषों की [illegible] आदि का स्वयं सेविकाओं ने सर्वे किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को [illegible] अवगत कराया।

दैनिक जागरण 26/02/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ. II




मनु शर्मा








मनु आर्या

# राष्ट्रीय सेवा योजना
# तृतीय एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 27/02/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर ग्राम निजामपुर में लगाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने हरी झण्डी दिखाकर स्वयं सेविकाओं को कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या के निर्देशन में गांव निजामपुर के लिए रवाना किया। अभिगृहीत गांव निजामपुर के प्रधान श्री सुरेन्द्र सिंह ने रैली का स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर स्वयं सेविकाओं ने एन एस एस लक्ष्य गीत का गायन किया। तदनन्तर स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य व मन मस्तिष्क की शुद्धता हेतु सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगासन, ताड़ासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन, मत्स्यासन, चक्रासन , हलासन आदि योगासनों का अभ्यास किया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामवासियों को स्वच्छता का सन्देश दिया तथा स्वयं सेविकाओं ने सभी ग्रामवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। स्वयं सेविकाओं ने सात दिवसीय विशेष शिविर के आमंत्रण पत्र बनाए तथा सभी को शिविर  का निमंत्रण दिया। शिविर के अन्त में स्वयं सेविकाओं ने लंच पैकेट का आनन्द लिया व राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा









गांव निजामपुर में चल रहे एनएसएस कैंप में रैली निकालती स्वयंसेविकाएं।

## योग करने के लिए किया जागरुक

खुर्जा। गांव निजामपुर के प्राथमिक विद्यालय में एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर ग्राम निजामपुर में एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य व मन मस्तिष्क की शुद्धता हेतु सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगासन, हलासन आदि योगासनों का अभ्यास किया।

दैनिक हिन्दुस्तान 28/02/2025
अपना शहर (बुलन्दशहर) पृ. 7



खुर्जा क्षेत्र के गांव निजामपुर में आयोजित शिविर में सफाई अभियान चलाती एनएसएस की स्वयंसेविकाएं • जागरण

## सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा : एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर गांव निजामपुर में आयोजित हुआ। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

शिविर का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि निजामपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में ये कैंप लगाया गया। जिसके प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य व मन मस्तिष्क की शुद्धता के लिए सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगासन, ताड़ासन, भुजंगासन, मत्स्यासन, चक्रासन, हलासन आदि का अभ्यास किया।

शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयं-सेविकाओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना व सात दिवसीय विशेष शिविर का निमंत्रण दिया।

दैनिक जागरण 28/02/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ. 2




मनु आर्या

# राष्ट्रीय सेवा योजना
# चतुर्थ एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 18/03/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के चतुर्थ एकदिवसीय कैम्प का आयोजन ग्राम निजामपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय निजामपुर में लक्ष्य गीत के साथ किया। तदनन्तर उत्तम स्वास्थ्य व निरामय जीवन हेतु स्वयं सेविका प्रज्ञा वसिष्ठ ने सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के शिविर की थीम नशा मुक्त भारत है। नशा एक गम्भीर सामाजिक समस्या है जो परिवारों के विखण्डन के लिए जिम्मेदार है। इस समय प्रदेश में ९ करोड युवा नशे के आदी हैं। नशे की समस्या से व्यक्ति का स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित कर रही है। इसलिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामवासियों की समस्याओं का निरीक्षण किया। जिसमें पाया कि अधिकांश ग्रामवासी शराब, जुआ, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू आदि व्यसनों से ग्रसित हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्त रैली का आयोजन किया। जिसमें शराब पीने, गुटखा खाने आदि से होने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया । शराब पीना छोड़ दो फेफड़े गल जाते हैं, जो करेगा नशा उसकी होगी दुर्दशा जैसे नारे लगाते हुए सम्पूर्ण ग्राम में भ्रमण कर लोगों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा



# ग्रामीणों को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी कालेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स ने गांव निजामपुर में एक दिवसीय फीडबैक शिविर लगाया। जिसके तहत पूर्व में लगाए गए शिविर को लेकर चर्चा की गई। साथ ही नशामुक्ति के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय निजामपुर में लक्ष्य गीत के साथ शिविर का शुभारंभ किया। जिसके बाद स्वास्थ्य व निरामय जीवन के लिए स्वयं सेविका प्रज्ञा वसिष्ठ ने सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि शिविर की थीम नशा मुक्त भारत रही। स्वयं-सेविकाओं ने ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। जिसमें पता [illegible] कि गांव के काफी लोग शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू आदि का सेवन करते हैं। जिसको ध्यान में रखकर स्वयं-सेविकाओं नशा मुक्त रैली का आयोजन किया। जिसमें शराब पीने, गुटखा खाने आदि से होने वाले हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने [illegible] छोड़ दो, फेफड़े [illegible] जाते हैं। [illegible] नारे लगाए। साथ ही ग्रामीणों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया।

खुर्जा के गांव निजामपुर में रैली निकालती स्वयं सेविकाएं • [illegible]

दैनिक जागरण 19/03/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ. 2



निजामपुर में एकदिवसीय एन एस एस शिविर में रैली निकालती छात्राएं।

# नशा नहीं करने के प्रति किया जागरूक

खुर्जा। एकेपी कालेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स ने गांव निजामपुर में एक दिवसीय फीडबैक शिविर लगाया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय निजामपुर में लक्ष्य गीत के साथ शिविर का शुभारंभ किया। जिसके बाद स्वास्थ्य व निरामय जीवन के लिए स्वयं सेविका प्रज्ञा वसिष्ठ ने सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया।

दैनिक हिन्दुस्तान 19/03/2025
आपना बुलन्दशहर पृ.









मनु आर्या

# आमंत्रण पत्र

ए. के. पी. डिग्री कॉलेज,
खुर्जा, राष्ट्रीय सेवा योजना

**सत्र - 2024-2025**

**शिविर के उद्‌देश्य**

**1. स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत व भारतीय ज्ञान परंपरा एवं जीवन मूल्य**
**2.जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत**
**3. आपदा प्रशिक्षण, मतदाता जागरूकता**
**4. स्वास्थ्य परीक्षण, चुप्पी तोड़ो**
**5.प्रधानमंत्री योजनाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण**
**6. बापू बाजार, मेहंदी प्रतियोगिता**
**7. सड़क सुरक्षा**

ए. के. पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एन एस एस एंजेल्स का सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र 2024-2025 दिनांक - 28/02/25 से 06/03/25 तक ग्राम निजामपुर लगाया जा रहा है। आप सभी सादर आमंत्रित हैं ।

**डॉ मनु आर्या**
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रो डिम्पल विज**
प्राचार्या/संरक्षिका
ए. के. पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा

मनु आर्या

## प्रथम दिवस 28.02.2025

## थीम- स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत तथा भारतीय ज्ञान परम्परा एवं जीवन मूल्य है।

मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डायट जयवीर सिंह, ग्राम प्रधान निजामपुर श्री सुरेन्द्र सिंह, प्राचार्या प्रो डिम्पल विज, महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति नीलू सिंह

एकेपी डिग्री कालेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेषशविर गांव निजामपुर में कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या के निर्देशन में प्रारम्भ में हुआ। सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई की गई तथा उद्घाटन समारोह के लिए शिविर स्थल को सजाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डायट जयवीर सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज, ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पुष्प पादप देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के प्रथम सत्र की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा व जीवन मूल्य है" जिसके अन्तर्गत भारतीय सनातन संस्कृति के प्राणभूत समस्त संसार का कल्याण करने वाले, पर्यावरण संरक्षण व अध्यात्म के उन्नायक यज्ञ में समस्त विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों ने आहुति प्रदान कीं। स्वच्छता ही उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु का आधार है इसलिए समस्त ग्रामवासियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या

डिंपल विज ने भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वेद को बताया। भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान की प्राप्ति के साथ-साथ विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास अन्तर्निहित रहता है। मुख्य अतिथि डायट के पूर्व प्राचार्य जयवीर सिंह ने स्वच्छता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। आपने बताया कि अपना काम स्वयं का काम करने से व्यक्ति महान बनता है। महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति नीलू सिंह ने गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। स्वयं सेविकाओं को १०-१० के पांच समूह में बांटा गया तथा उन्हें शिविर संचालन के लिए अलग- अलग जिम्मेदारी सौंपी गई जैसे- भोजन समिति, सांस्कृतिक समिति, स्वागत समिति आदि। इसके पश्चात भोजन करने के लिए अंतराल दिया गया सभी ने मिलकर बैठकर भोजन किया। द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता ही सेवा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। स्वयं सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका सिखाया। स्वच्छ भारत विषय पर रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डा नीलू सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा गांव के गणमान्य लोगों ने स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस का समापन हुआ।

मनु आर्या






विद्यालय में कृपया गन्दगी न करें।
सेवा योजना विशेष शिविर
सात दिवसीय
'NOT ME, BUT YOU
ए.के.पी. डिग्री कॉलिज, खुरजा

मनु आर्या






निजामपुर में एनएसएस शिविर में हवन में आहुति देते शिक्षक व अन्य • सौ. कालेज

## स्वच्छता से ही प्राप्त कर सकते हैं उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घ आयु : मनु आर्य

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज, ब्लाक प्रमुख मोनिका सिंह, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। प्रथम चरण में यज्ञ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि प्रथम सत्र की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा रही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु का आधार है। ग्रामवासियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने वेदों को भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार बताया। मुख्य अतिथि डायट के पूर्व प्राचार्य जयवीर सिंह ने स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। वरिष्ठ शिक्षिका नीलू सिंह ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प दिलाया।

दैनिक जागरण
01/03/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ. III

मनु आर्या

# द्वितीय दिवस 01/03/2025

## थीम- जल संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त भारत

मुख्य अतिथि- प्रो रेखा चौधरी एकेपी डिग्री कालेज खुर्जा, श्रीमति मृदुल जी जूनियर विद्यालय निजामपुर

एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के ग्राम निजामपुर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ आह्वान गीत व लक्ष्य गीत के साथ हुआ। शिविर स्थल की साफ सफाई की गई। स्वयंसेविकाओं ने प्रातःकालीन सत्र में योग का अभ्यास किया। स्वयंसेविका वर्षा तथा प्रज्ञा वसिष्ठ ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को योग का अभ्यास कराया। शिविर के प्रथम सत्र में जल संरक्षण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता की थीम जल है तो कल है। पोस्टर प्रतियोगिता में तीस बच्चों ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन महाविद्यालय की शिक्षिका प्रोफेसर रेखा चौधरी रहीं। उन्होंने जीवन में जल के महत्व पर प्रकाश डाला। आपने कहा कि जल संरक्षण में जल संसाधनों का ईमानदारी से कुशलतापूर्वक उपयोग करना होता है। ताकि जल के अपव्यय को कम किया जा सके और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। प्रतियोगिता के पश्चात सभी बच्चों को कलर बाक्स व कापी बांटी गयी। पश्चात स्वयंसेविकाओं की टोली ने भोजन तैयार किया व भोजन मंत्र के बाद सभी ने भोजन किया।

शिविर के द्वितीय सत्र में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया गया । जिसमें स्वयं सेविकाओं ने ग्रामवासियों को

मनु शर्मा

कपड़े के थैले वितरित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के त्याग के लिए प्रेरित किया। स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के हानिकारक पक्ष को समाज के सम्मुख रखा। अन्तिम सत्र में खेल-कूद व मनोरंजन का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षिका मृदुल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अनुशासन का पाठ पढ़ाती है और हमारे जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने समागत अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के द्वितीय दिवस का समापन हुआ।




मनु आर्या






DAY
GPS Map Camera
Khurja, Uttar Pradesh, India
6rwj+rh6, Nizampur, Khurja, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.247191° Long 77.831237°
01/03/2025 02:16 PM GMT +05:30
Google



मनु शर्मा

# तृतीय दिवस 02/03/2025

# थीम- आपदा प्रशिक्षण, मतदाता जागरूकता

मुख्य अतिथि- दरोगा श्री अवधेश सिंह, श्री सर्वेश सिंह फायर स्टेशन खुर्जा, प्रो रेखा चौधरी प्रभारी उन्नत भारत अभियान एकेपी डिग्री कालेज खुर्जा।

एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का विषय आपदा प्रशिक्षण तथा चुनाव का पर्व देश का गर्व रहा। शिविर का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। प्रथम चरण में मां सरस्वती की वन्दना के साथ उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायुष्य हेतु योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। स्वयं सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को एरोबिक्स के जरिए स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ मनु आर्या ने बताया कि द्वितीय सत्र में आपदा प्रशिक्षण के अन्तर्गत खुर्जा फायर स्टेशन से श्रीमान सर्वेश जी व उनकी टीम ने स्वयं सेविकाओं व ग्रामवासियों को आग लगने पर अपनी स्वयं की व अन्यों की रक्षा कैसे करें इसका प्रशिक्षण प्रदान किया। सर्वेश जी ने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं धैर्य से काम लें। तुरंत 101 या 112 नंबर पर आग लगने की सूचना दें । आपने सिलेण्डर में आग लगने पर कैसे बुझाएं इसका प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया। बिजली से लगने वाली आग पर पानी नहीं डालें बालु या रेत का प्रयोग करें। दरोगा अवधेश सिंह जी ने भूकम्प आने के स्थिति में बचाव के उपाय बताए। इसके पश्चात सभी ने दोपहर के भोजन का आनन्द लिया।

मनु आर्या

तृतीय सत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। मेरा पहला वोट देश के नाम तथा सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो के नारे के साथ स्वयं सेविकाओं ने आगामी चुनाव में वोट देने का प्रण दिलाया। उन्नत भारत अभियान की प्रभारी प्रो रेखा चौधरी ने मतदान के महत्व को लोगों को समझाया। तथा स्वयं सेविकाओं को अपना शुभाशीष प्रदान किया। अन्तिम चरण मनोरंजन सत्र रहा जिसमें जल थल खेल का आयोजन किया किया जिसमें ग्रामवासियों ने बढचढकर भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के तीसरे दिन का समापन हुआ।

## स्वयं सेविकाओं ने जाने आग से बचाव के तरीके




आग से बचाव का प्रशिक्षण देते कर्मचारी । संवाद

खुर्जा। एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन रविवार को छात्राओं को आग से बचाव के तरीके बताए गए। कार्यक्रम संयोजिका डा. मनु आर्या ने बताया कि आपदा प्रशिक्षण के तहत खुर्जा फायर स्टेशन से सर्वेश व उनकी टीम पहुंची। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को आग लगने पर स्वयं और अन्य लोगों की रक्षा करने का प्रशिक्षण दिया। सर्वेश ने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं, बल्कि धैर्य से काम लें। उन्होंने सिलिंडर में लगी आग को बुझाने का डेमो भी करके दिखाया। उप निरीक्षक अवधेश सिंह ने भूकंप आने के स्थिति में बचाव के उपाय बताए। इससे पूर्व मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। संवाद

अमर उजाला 07/03/2025

My City बुलन्दशहर पृ. 3

मनु आर्या



निजामपुर में चल रहे एनएसएस कैंप में छात्राओं को आग से बचाव के गुर सिखाए।

## शिविर में आग से बचने के तरीके सिखाए

खुर्जा। क्षेत्र के गांव निजामपुर में एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। प्रथम चरण में योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ मनु आर्या ने बताया कि द्वितीय सत्र में आपदा प्रशिक्षण के अन्तर्गत खुर्जा फायर स्टेशन से सर्वेश और उनकी टीम ने स्वयं सेविकाओं व ग्रामवासियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

दैनिक हिन्दुस्तान 03/03/2025
अपना बुलन्दशहर पृ. 02

# स्वयं सेविकाओं को सिखाए आग से बचाव के गुर

संवाद सहयोगी, जागरण● खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं के आग से बचाव के गुर सिखाए गए।

शिविर का शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजिका डा. मनु आर्या ने बताया कि आपदा प्रशिक्षण के तहत जागरूक करने के लिए खुर्जा फायर स्टेशन से सर्वेश व उनकी टीम पहुंचीं। उन्होंने स्वयं-सेविकाओं व ग्रामीणों को आग लगने पर स्वयं और अन्यों की रक्षा कैसे करें। इसका प्रशिक्षण दिया गया। सर्वेश ने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं, बल्कि धैर्य से काम लें। तुरंत 101 या 112 नंबर पर आग लगने की सूचना दें। साथ ही उन्होंने सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का डेमो भी करके दिखाया। वहीं शिविर के द्वितीय सत्र में उप निरीक्षक अवधेश सिंह ने भूकंप आने के स्थिति में बचाव के उपाय बताए। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में रैली भी निकाली गई। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयं-सेविकाओं ने ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया।




खुर्जा के गांव निजामपुर में रैली निकालतीं स्वयं सेविकाएं ●सौ. कालेज प्रबंधन

दैनिक जागरण 03/03/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ. II

मनु आर्या




विद्यालय में कृपया गन्दगी न करें।


राष्ट्रीय मतदाता
दिनाँक: 25 जनवरी 2018
आर्य कन्या डिग्री कॉलेज,
(खुर्जा)


विद्यालय में कृपया गन्दगी न करें।
"NOT ME, BUT YOU"


विद्यालय में कृपया गन्दगी न करें।
"NOT ME, BUT YOU"

मनु आर्या

# चतुर्थ दिवस 03/03/2025

## थीम- स्वास्थ्य परीक्षण तथा प्रधानमंत्री योजनायें

मुख्य अतिथि- एडवोकेट रंजना सिंह, प्राचार्या प्रो डिम्पल विज, डा प्रिया, डा के के आर्य, डा दीपू वर्मा, ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह।

एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयं सेविकाएं कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या के नेतृत्व में प्रातः ९ बजे शिविर स्थल गांव निजामपुर में एकत्रित हुईं। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत व योगाभ्यास के साथ शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर का चतुर्थ दिवस स्वास्थ्य परीक्षण तथा प्रधानमंत्री योजनायें स्त्रियों के सन्दर्भ में विषय पर संगोष्ठी रहा।

एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने वेद मंत्रों के साथ विद्या की देवी सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने बताया कि स्वास्थ्य ही परम धन है इसी को ध्यान में रखकर आज पी एच सी धरपा हास्पीटल से डॉ प्रिया, डॉ के के आर्य, डॉ दीपू वर्मा की टीम ने आकर स्वयं सेविकाओं तथा ग्रामवासियों के हिमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। डॉ प्रिया ने मासिक धर्म सम्बन्धी समस्याओं का समाधान बताया। डॉ के के आर्य ने अपने आपको स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ ऋतु अनुकूल दिनचर्या का पालन करने का सुझाव दिया। श्रीमती शिवांगी कौशिक ने पोषक खाद्य पदार्थों के बारे में बताया तथा अपने जीवन को बेहतर बनाने के टिप्स बतायें। तत्पश्चात् भोजन मंत्र उच्चारित किया गया और सभी ने मिलकर भोजन किया

मनु आर्या

द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय प्रधानमंत्री योजनाएं स्त्रियों के विशेष सन्दर्भ में था। स्वयं सेविका बुलबुल सोलंकी, हिना, मनी जादौन, रश्मि , खुशी, दीपाली, पूजा, सोनम आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बुलबुल सोलंकी, द्वितीय स्थान दीपाली, तृतीय स्थान पूजा ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट रंजना सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। आपने गुड टच व बेड टच, घरेलू हिंसा, पोक्सो एक्ट व महिला अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने अधिकारों को पहचानने व गलत का विरोध करने की प्रेरणा दी। आपने जूनियर व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को खेलकूद किट तथा स्टेशनरी का सामान वितरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। अन्तिम सत्र में मनोरंजन हेतु रस्साकसी क्रीडा का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के चतुर्थ दिवस का समापन हुआ।




मनु आर्या

दैनिक हिन्दुस्तान
04/03/2025
अपना बुलन्दशहर
पृ. 04



# ग्रामीणों के स्वास्थ्य की कराई जांच

खुर्जा। गांव निजामपुर में एकेपी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज, डा. प्रिया, शिवांगी कौशिक, बुलबुल सोलंकी, हिना, मनी जादौन, रश्मि, खुशी, दीपाली, पूजा, सोनम आदि रहीं।



# स्वयंसेविकाओं और ग्रामीणों के खून की हुई जांच

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। स्वयं सेविकाओं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच हुई।


कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि निजामपुर में चल रहे शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उनके खून की जांच करने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए गए। जिससे वह अपने शरीर को स्वस्थ रख सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने कहा कि स्वास्थ्य ही परम धन है। वहीं डा. प्रिया ने महिला वर्ग संबंधी समस्याओं का समाधान बताया। इसके अलावा डा. केके आर्य ने स्वस्थ ऋतु अनुकूल दिनचर्या का पालन करने का सुझाव दिया। शिवांगी कौशिक ने पोषक खाद्य पदार्थों के विषय में बताया और अपने जीवन को बेहतर बनाने के टिप्स भी दिए। इसमें स्वयं-सेविका बुलबुल सोलंकी, हिना, मनी जादौन, रश्मि, खुशी, दीपाली, पूजा, सोनम आदि ने विचार रखे।

दैनिक जागरण
04/03/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर
पृ. II









मनु आर्या

# पञ्चम दिवस 04/03/2025

## थीम- चुप्पी तोडो व महिला सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण

मुख्य अतिथि- श्रीमती तनुजा चौधरी, श्रीमती रेनू बाटला, श्रीमती पूनम सिंघल, श्रीमती वर्षा गुप्ता, श्रीमती सारिका जिन्दल।

एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस चुप्पी तोडो व महिला सुरक्षा पर आधारित रहा। शिविर का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। तदनन्तर स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। श्रीमती तनुजा चौधरी, श्रीमती रेनू बाटला, श्रीमती पूनम सिंघल रोटरी क्लब खुर्जा सिटी, श्रीमती वर्षा गुप्ता, श्रीमती सारिका जिन्दल वूमेन पावर एसोसिएशन ने मां सरस्वती के श्री चरणों में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि किशोरियों में मासिकधर्म के प्रति जागरूकता व मासिक धर्म प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चुप्पी तोडो मुहिम चलाई जा रही है। रोटरी क्लब खुर्जा सिटी के सौजन्य से जूनियर विद्यालय तथा ग्राम की महिलाओं को सेनिटरी पैड बांटे गए। प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती पूनम सिंघल ने बताया कि मासिक धर्म सृजन का आधार है। यह स्त्री को मातृत्व पद पर प्रतिष्ठित करता है, इसे सुरक्षित रखना अत्यन्त आवश्यक है। श्रीमती तनुजा चौधरी प्रथम महिला रोटरी क्लब खुर्जा सिटी ने बताया कि गंदे पुराने कपड़े के प्रयोग से इंफेक्शन हो जाता है अतः अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करें। स्वयं सेविकाओं ने रैली में चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो के नारे तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता फैलायी।

मनु आर्या

भोजन ग्रहण करने से पहले भोजन मंत्र का उच्चारण किया गया सभी ने मिलकर दोपहर के भोजन का आनन्द लिया।

द्वितीय सत्र में वूमेन पावर एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती वर्षा गुप्ता जी आयीं जिन्होंने अनुपयोगी वस्तु को सकारात्मक या मूल्यवान वस्तु में परिवर्तित करना बताया। आपने स्वयं सेविकाओं तथा ग्रामवासियों को कचरे से कंचन योजना के तहत विभिन्न डेकोरेटिव चीजें, झूमर, पेन स्टेंड, टोकरी, फ्लावर, गुलदस्ता आदि बनाना सिखाया। अन्तिम सत्र में स्वस्थ मनोरंजन का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने कविता गीत व चुटकुले सुनाए। राष्ट्रगान के साथ पंचम दिवस का समापन हुआ।



खुर्जा के गांव निजामपुर में सेनेटरी पैड वितरित करतीं स्वयं सेविकाए • सौ. स्वयं

## महिलाओं को वितरित किए सेनेटरी पैड

**खुर्जा :** एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। निजामपुर गांव में लगे शिविर में लक्ष्य गीत के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज, तनुजा चौधरी, रेनू बाटला, पूनम सिंघल, वर्षा गुप्ता, सारिका जिंदल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम के आगे बढ़ाया। डा. मनु आर्या ने बताया कि शिविर में योगाभ्यास किया। वहीं द्वितीय सत्र में रोटरी क्लब खुर्जा सिटी द्वारा जूनियर विद्यालय और ग्राम की महिलाओं को सेनिटरी पैड वितरित किए गए। पूनम सिंघल ने बताया कि मासिक धर्म सृजन का आधार है। यह स्त्री को मातृत्व पद पर प्रतिष्ठित करता है। वहीं तनुजा चौधरी ने बताया कि गंदे कपड़े के प्रयोग से इंफेक्शन हो जाता है। संसू

दैनिक जागरण 05/03/2025

जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ० II

मनु आर्या

## नुक्कड़ नाटक से किया बीमारी के प्रति सजग

खुर्जा। निजामपुर गांव में मंगलवार को एकेपी डिग्री कॉलेज की ओर से चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं व बालिकाओं को बीमारी के प्रति जागरूक किया। साथ ही रोटरी क्लब की ओर से छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। राष्ट्रीय स्वयं योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु आर्या ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने रैली में चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो के नारे और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों में विभिन्न बीमारियों और मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डिंपल विज, रोटरी क्लब से तनुजा चौधरी, रेनू बाटला व पूनम सिंघल मौजूद रहीं। संवाद

अमर उजाला 05/03/2025
My city बुलन्दशहर पृ. 4











मनु आर्या

# षष्ठ दिवस 05/03/2025

## थीम- बापू बाजार व मिट्टी कला प्रशिक्षण


एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिने स्वयंसेविकाएं शिविर स्थल गांव निजामपुर में एकत्रित हुईं। शिविर का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। तदनन्तर सभी ने मिलकर योगाभ्यास किया। आज का मुख्य आकर्षण बापू बाजार रहा।

एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के प्रथम सत्र में योगाभ्यास किया। प्रथम सत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रसिद्ध उद्योगपति राजेन्द्र अग्रवाल जी ने मिट्टी कला पर प्रकाश डाला। आपने मिट्टी के प्रकार, मिट्टी तैयार करने की विधि, मिट्टी के प्रकार के आधार पर गृहोपयोगी मिट्टी के बर्तनों के लाभ बताए। मिट्टी से अनेक उत्पाद बनाने भी सिखाये।

द्वितीय सत्र में स्वयं सेवा की अद्भुत पहल के अन्तर्गत बापू बाजार लगाया गया। जिसका शुभारंभ एन एस एस नोडल अधिकारी श्रीमती एकता चौहान तथा श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी, शिक्षिका श्रीमती मृदुल जी ने फीता काटकर किया। एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा 2019 से बापू बाजार की शुरूआत की गई थी। बापू बाजार सम्मान सहित सहायता है जिसके अन्तर्गत कपड़े, विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम तथा बच्चों के लिए स्टेशनरी तथा खिलौनों की दुकान लगायी गयी। साडी 10 रूपए में, खिलौने 5 रूपए में तथा स्टेशनरी का सामान 2 रूपए में बेचा गया। गेम्स की दुकान भी लगीं जो बच्चों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। बापू बाजार में ग्रामीण

मनु आर्या

महिला तथा बच्चों ने जमकर खरीददारी की। न्यूनतम मूल्य में वस्तुएं प्राप्त कर ग्रामीणों के चहरे प्रसन्नता से खिल उठे। बापू बाजार का उद्देश्य यह है कि किसी के सम्मान को क्षति पहुंचाए बिना सहायता करना। एन एस एस नोडल अधिकारी श्रीमती एकता चौहान ने कहा कि बापू बाजार जरूरतमंदों की सेवा के साथ समाज से जुडने का प्रयास है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं के प्रयास की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रीमती मृदुल ने कहा कि बापू बाजार गांधीवाद के साथ राष्ट्रसेवा के साथ जीने की प्रेरणा देता है। बापू बाजार  समानता के साथ समाज सेवा है। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने बढ चढकर भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।



## बापू बाजार में लोगों को दस रुपये में मिले कपड़े व पांच में खिलौने

संवाद न्यूज एजेंसी

खुर्जा। निजामपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर बुधवार को बापू बाजार का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एनएसएस नोडल अधिकारी एकता चौहान ने किया। बाजार में स्वयं सेवकों ने कपड़ों व जरूरतमंद वस्तुओं को साफ व सजाकर दोबारा उपयोग के लायक बनाया।

बापू बाजार में दस रुपये में कपड़े, पांच रुपये में खिलौने व दो रुपये में पाठ्य सामग्री दी गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु आर्या ने बताया कि प्रथम सत्र में योगाभ्यास किया। द्वितीय सत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रसिद्ध उद्यमी राजेंद्र अग्रवाल ने मिट्टी कला पर प्रकाश डाला। मिट्टी के बर्तनों के लाभ बताए और मिट्टी से अनेक उत्पाद बनाने भी सिखाए।


अमर 06/03



अमर उजाला 06/03/2025
My City बुलन्दशहर पृ. 4

मनु आर्या










मनु शर्मा

# शिविर का सप्तम दिवस 06/03/2025

## थीम- सडक सुरक्षा

मुख्य अतिथि- ब्लाक प्रमुख श्रीमती मोनिका सिंह, पूर्व प्राचार्य डायट श्री जयवीर सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो नीलू सिंह, श्रीमती नीलू सिंह, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मधुलता

एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन धूमधाम के साथ हुआ। अन्तिम दिवस का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओं ने शिविर स्थल को समापन समारोह के लिए विभिन्न आकर्षक वस्तुओं से सजाया। अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जिसमें यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। बिना हेलमेट के वाहन चलाने के लिए सावधान किया। यातायात नियमों से संबंधित ग्रीटिंग कार्ड वितरित कर यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। समापन समारोह का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज, मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह, पूर्व प्राचार्य डायट जयवीर सिंह, महाविद्यालय की सीनियर प्रोफेसर श्रीमती नीलू सिंह ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयं सेविका बुलबुल सोलंकी ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत कार्यवाही प्रस्तुत की। स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रशिक्षित किए गए बालक बालिकाओं ने यातायात नियमों पर लघु नाटिका, सूर्य, पृथ्वी, शनि आदि ग्रह बनकर उनकी विशेषताएं बतायीं। बालक व बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत योगा एवं जुम्बा की सामूहिक प्रस्तुति ने मनमोह लिया। नारी सशक्तिकरण तथा बसन्तोत्सव से संबंधित

मनु आर्या

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। मुख्य अतिथि मोनिका सिंह ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की तथा स्वयं सेविकाओं के द्वारा किए जा रहे समाजोपयोगी कार्यों की प्रशंसा की। और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री जयवीर सिंह ने कहा कि स्वयं सेविकाओं ने शिविर के दौरान जो कुछ सीखा है उसे अपने जीवन में लागू करें और अपने उद्देश्यों को पूरा करें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने स्वयं सेविकाओं द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने समस्त समागत अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर श्रीमती मधु लता मैम, मृदुल मैम आदि समस्त विद्यालय तथा ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## यातायात नियम के बारे में लोगों को बताया


खुर्जा। एकेपी डिग्री कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई की स्वयं सेविकाओं ने वाहन चालकों को ग्रिटिंग कार्ड देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसी के साथ बृहस्पतिवार को शिविर का समापन कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली, जिसमें लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। समापन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डिंपल विज, मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह और जयवीर सिंह, महाविद्यालय की प्रधानाध्यापक नीलू सिंह रहीं। संवाद

अमर उजाला 07/03/2025
MY City बुलन्दशहर पृ. 4

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

मनु आर्या
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा








# रैली से यातायात नियमों की दी जानकारी

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाली।


कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि शिविर के समापन पर प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जिसमें यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही बिना हेलमेट के वाहन चलाने के लिए सावधान किया। यातायात नियमों से संबंधित प्रीटिंग कार्ड वितरित कर यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जिसके बाद समापन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डिंपल विज, ब्लाक प्रमुख मोनिका सिंह, जयवीर सिंह, प्रोफेसर नीलू सिंह आदि ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान स्वयं-सेविका बुलबुल सोलंकी ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत कार्यवाई प्रस्तुत की। स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रशिक्षित किए गए बालक-बालिकाओं ने यातायात नियमों पर लघु नाटिका, सूर्य, पृथ्वी, शनि आदि ग्रह बनकर उनकी विशेषताएं बताईं। स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मधु, लता, मृदुल आदि रहे।

एनएसएस शिविर के समापन के बाद मेडल के साथ एकत्रित स्वयंसेविकाएं • सौ. कालेज



दैनिक जागरण 07/03/2025
जागरण सिटी बुलन्दशहर पृ.-II

मनु आर्या








मनु आर्या

# THANK YOU





मनु आर्या